## खबर संक्षेप

### युवक से 4.50 लाख रूपए किये जब्त, जांच के बाद लौटाया

**बरही।** थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस के व्दारा आदर्श आचार संहिता के दौरान साढ़े चार लाश कैश जप्त की कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया है कि आचार संहिता के नियमो का कडाई से पालन कराया जाना एवं आवागमन के माध्यम से रुपये पैसो बडी मात्रा में एवं चुनाव प्रचार को प्रभावित करने वाली वस्तुओ का परिवहन होने पर कार्यवाही की जाये। गत दिवस बरही थाने के सामने सरप्राईज वाहन चैंकिग के दौरान मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी. 50 जेड.सी. 4855 का रोककर चैक किया गया तो उसके पास एक बैग में रुपये भरे मिले जिसे निकालकर चैक किया गया तो कुल 450000/ रुपये थे जिसके संबंध में पूछतांछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम नीरज पिता सुरेन्द्र कुमार 30 साल निवासी बरही का होना बताया एवं घर से ट्रेक्टर खरीदने हेतु बरही से कटनी ले जाना बताया। उक्त पैसो के संबंध में पूंछने पर वैध दस्तावेज पेश करने पर उक्त रुपये जप्त कर मौके पर ही सुपुर्द किये गये। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , उप निरी. शैलेन्द्र सिंह सेंगर , उप निरी. विनोद कांत सिंह , आर. अवधेश प्रताप सिंह , आर. जगत सिंह आर. विवेक श्रीवास्तव , वाहन चालक संजय पांडे, की मुख्य भूमिका रही।

### झिंझरी चौकी में डायल 100 बाइक की सौगात

**कटनी।** झिंझरी चौकी क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों एवं आपराधिक तत्वों पर निगाह रखने तथा पेट्रोलिंग के लिए उत्पन्न हो रही समस्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने चौकी को डायल 100 बाइक की सौगात दी है। चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि चौकी क्षेत्र में डायल 100 वाहन न होने के कारण पेट्रोलिंग में असुविधा का सामना करना पड़ता था। पेट्रोलिंग में आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने चौकी को डायल 100 बाइक प्रदान की है। एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने बताया कि झिंझरी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कुछ समय पहले ही गर्ल्स कॉलेज प्रारंभ हो गया है, ऐसे में क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के अलावा गर्ल्स कॉलेज आने जाने वाली बच्चियों की सुरक्षा को लेकर भी चौकसी बरतने की जिम्मेदारी झिंझरी पुलिस के ऊपर है। इन्हीं सब बातों को देखते हुए चौकी में डायल 100 बाइक उपलब्ध कराई गई है। क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**बरही।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविप्रसाद के निर्देशन में जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बड़वारा में जिला समन्वयक तेज सिंह केसवाल के नेतृत्व एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नंदनी वाटिया के समन्वय से विकासखंड के सभी सेक्टर से जुड़े ग्रामों में नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से दीवार लेखन करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान सघन रूप से चलाया जा रहा है जिसमें स्थानीय प्रस्फुटन समितियों के साथ सीएमसीएलडीपी छात्रों और परामर्शदाताओं की विशेष भूमिका है इसी श्रृंखला में विकासखंड बड़वारा के खितौली सेक्टर में विभिन्न ग्रामों में नवांकुर संस्था खितौली के सेक्टर प्रभारी मनोज तिवारी द्वारा दीवार लेखन कर मतदाता जागरूकता हेतु पहल की गई ।

वाहन चेकिंग अभियान के दौरान रंगनाथ नगर पुलिस ने की कार्रवाई

## पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर भागा तस्कर, एक लाख रूपए का गांजा जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रंगनाथ नगर पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान जब पुलिस ने एक सफेद रंग की कार को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक गाड़ी छोड़कर भाग खड़ा हुआ। घेराबंदी करके कार चालक को गिरफ्तार करने के बाद जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो डिक्की से गांजे रखा मिला। पुलिस ने तस्कर से साढ़े 10 किलो गांजा जप्त करते हुए कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा.संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में रंगनाथनगर स्टाफ के द्वारा गत देर शाम वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार रिनाल्ड



तेवर क्रंमाक एम.पी.35 जेड.बी.6514 मंगलनगर चौराहा तरफ से आई। जिससे चेकिंग हेतु रोका गया तो वाहन चालक उतरकर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस मैं घेराबंदी करके पकड़ा। पकड़ा गया कार चालक बबलू चौधरी पिता तिजिया चौधरी 30 साल निवासी बमुरहिया थाना देवेन्द्र नगर जिला पन्ना का रहने वाला है। वाहन चालक की संदेहस्पद स्थिति को देखते हुये वाहन की तलाशी कराने के लिये कहा गया तो वह आना कानी करने लगा। कार की तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में दो पिट्टू बैग मिले। दोनो बैगों की चैन खोलकर देखने पर मादक पदार्थ गांजा 10 किलो 500 ग्राम होना पाया गया।

पुलिस ने आरोपी से गांजा जप्त करते हुए उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के द्वारा गांजे के स्त्रोतों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यवाही में उप.निरी. नवीन नामदवे थाना प्रभारी रंगनाथनगर, उप.निरी. दिनेश तिवारी, सउनि विनोद चौधरी, प्र.आर. रामपाल बागरी, प्र.आर. अजय तिवारी, प्र.आर. संदेश परतेते, प्र.आर. सतीश तिवारी ,आर. नवीन शुक्ला की भूमिका रही।



## मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहड़ोल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शांतनु गोतमारे ने शनिवार को कृषि उपज मंडी परिसर पहरूआ में बनाये गये मतगणना स्थल और स्ट्राँग रूम का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा के इंतजाम, ईव्हीएम परिवहन मार्ग, सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल का निरीक्षण किया।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और शहडोल लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री गोतमारे नें मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना की व्यवस्थाओं और तैयारियों पर संतोष जताया।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद , पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन , अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, सहायक रिटर्निंग अधिकारी विंकी सिंहमारे उईके, तहसीलदार ढ़ीमरखेड़ा आशीष अग्रवाल, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, डी.ई.ओ पी.पी.सिंह, नगर निगम उपायुक्त पवन अहिरवार, सहित पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

बड़वारा थाना क्षेत्र के रोहनिया मार्ग में हुई घटना, जारी जारी

## चलती बाइक से महिला का पर्स छीनने का प्रयास, नीचे गिरी महिला हुई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बैंक से रुपए निकालने के बाद बेटे के साथ घर वापस जा रही एक महिला से चलती बाइक में लूट करने की घटना प्रकाश में आई है। लूट का प्रयास किए जाने के कारण बाइक सवार महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गई। जिसे इलाज के लिए बड़वारा शासकीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि एक अन्य बाइक सवार की बाइक में महिला का बैग फंस जाने के कारण महिला बाइक से गिरकर घायल हो



गई। हालांकि महिला के साथ लूट करने का प्रयास किया गया या फिर वह हादसे का शिकार हुई इसकी जांच पुलिस के द्वारा की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सल्हना की रहने वाली 45 वर्षीय सुमित्रा सिंह पति राज बहादुर सिंह अपने पुत्र सत्यम के साथ बड़वारा बैंक में पैसे निकालने आई थी। बैंक से 50 हजार रुपए निकालने के बाद जब वह घर लौट रही थी इसी दौरान बड़वारा और रोहनिया ग्राम के बीच सुनसान इलाके में पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने महिला का बैग चलती बाइक में छीनने का प्रयास किया। इस घटना में महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को बड़वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला का कहना है कि बाइक सवार आरोपी युवक ने उससे बैग छीनने का प्रयास किया। जब वह नीचे गिर गई उसके बाद भी आरोपी उससे बैग छीनने की कोशिश कर रहा था, जब आसपास लोग एकत्रित हो गए तब आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ। महिला के बयान दर्ज करते हुए बड़वारा पुलिस में प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के द्वारा घटनाक्रम में लूट का प्रयास हुआ या फिर महिला किसी हादसे का शिकार हुई इस बात का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में हुआ द्वितीय रेण्डमाइजेशन



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद की अध्यक्षता और शहडोल लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक शांतनु गोतमारे की विशेष मौजूदगी मे कटनी जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों और माईक्रो आब्जर्बर का द्वितीय रेंडमाईजेशन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे संपन्न हुआ। रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव द्वारा संपादित की गई। रेंडमाइजेशन के दौरान बड़वारा के 299 मतदान केन्द्रों के विरूद्ध रिजर्व मिलाकर 329 मतदान दल और 20 अतिरिक्त मतदान अधिकारी तथा 41 माइक्रो आब्जर्बर का चयन रेंडमाईजेशन प्रक्रिया से क्रिया गया। इसके अलावा मतदान दलों, माईक्रो आब्जर्बर, अतिरिक्त मतदान अधिकारी जहॉ 1200 से अधिक मतदाता होंगे उनके लिए एक अतिरिक्त मतदान अधिकारी नियुक्त करने के लिए रेंडमाईजेशन संपन्न हुआ।

## पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़ कर चले गऐ बच्चे, जबलपुर में मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र के प्रेमनगर निवासी एक पिता ने अपने 8 वर्षीय बेटे और 10 वर्षीय बेटी को डांट लगाई तो बच्चे इस कदर नाराज हो गए कि वे पिता के घर से जाते ही घर छोड़कर चले गए। जब पिता घर वापस आया तो बच्चों को घर में न पाकर उसके होश उड़ गए। पहले तो उसने आसपास बच्चों को तलाशने का प्रयास किया लेकिन जब बच्चों का कहीं सुराग नहीं लगा तो वह परेशान होकर अपनी पीड़ा लेकर एनकेजे थाना पहुंचा और थाना प्रभारी नीरज दुबे को पूरी बात बताई।

उसने बताया कि उसका 8 वर्षीय पुत्र और 10 वर्षीय पुत्री कल 5 अप्रैल से गायब हैं। उसने बताया कि बच्चों के शैतानी करने पर उसने उन्हें डांटा था। जिसके बाद वह किसी काम से बाहर चला गया। जब वह वापस लौटा तो बच्चे घर पर नहीं थे आसपास उसने काफी तलाश की लेकिन बच्चे नहीं मिले।

प्रकरण की गंभीरता को देखकर थाना प्रभारी श्री दुबे ने प्रकरण की जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा को दी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल ही टीम गठित कर बच्चों की तलाश प्रारंभ की गई। बच्चों की तलाश करते हुए एक टीम के द्वारा लगभग 250 कैमरों के फुटेज चेक किए गए। दूसरी टीम ने आसपास के क्षेत्र में बच्चों की तलाश शुरू की जबकि तीसरी टीम शहर व रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में जाकर बच्चों की तलाश करने में जुट गई। नाबालिग बच्चों को तलाश करते हुए पुलिस ने जबलपुर रेलवे स्टेशन से खोज निकाला। जबलपुर से बच्चों को सुरक्षित कटनी लाकर उसके पिता के सुपुर्द किया गया। अपने मासूम बच्चों को सकुशल वापस पाकर पिता ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी एनकेजे उप निरीक्षक नीरज दुबे, सहायक उप निरीक्षक सहपाल परतेती, सहायक उप निरीक्षक केवल उइके, प्रधान आरक्षक प्रहलाद संयाम, आरिफ हुसैन, सचिन राही, अर्पित पटेल, आरक्षक दीपक तिवारी की भूमिका रही।

जिला पंचायत सीईओ ने दिलाई मतदाता शपथ, ट्राफी किया प्रदान

## क्रिकेट टूर्नामेंट के दोनों लीग मैचों में अधिवक्ता संघ और ऑर्डनेंस फैक्ट्री इलेवन ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हेतु निरंतर मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट की श्रृंखला में दो मैच खेले गए। एक मैच शिक्षा विभाग और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इलेवन के विरुद्ध ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ग्राउंड में खेला गया। जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 82 रन



बनाए। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की टीम द्वारा रनों का लक्ष्य महज 11.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 85 रन बनाकर हासिल कर मैच 8 विकेट से जीत लिया। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री एकादश की ओर से 52 रन की लाजवाब पारी खेलते हुए शिवभान सिंह ने 30 गेंद पर चार चौके और पांच छक्के उड़ाकर प्लेयर ऑफ़ द मैच का खिताब जीता। प्रभाकर सिंह गौतम सौरभ ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि अमित सिंह ने दो विकेट झटके।

दूसरा मैच पुलिस प्लेग्राउंड में स्वास्थ्य विभाग और अधिवक्ता संघ के बीच खेला गया। स्वास्थ्य विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 105 रन का लक्ष्य अधिवक्ता संघ को दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी अधिवक्ता संघ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बेहद करीबी मुकाबले में 14.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 106 रन बनाकर एक विकेट से मैच जीता। विजेता टीम की ओर से दिनेश परोहा 23 बाल में 28 रन चार चौकों की सहायता से अर्जित किए। जिला पंचायत के सीईओ ने प्लेयर ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी प्लेयर ऑफ़ द मैच को प्रदान की। इसके पूर्व जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत ने उपस्थित क्रिकेट खिलाड़ियों एवं आगंतुकों को मतदान दिवस के दिन मतदान करने की शपथ दिलाई और अपील की सभी मतदाता लोकतंत्र की मजबूती हेतु शत प्रतिशत मतदान करें।

मासांत तक समक्ष मे प्रस्तुत होकर जवाब देने दिए निर्देश

## घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर चार प्रतिष्ठानों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमयन) और आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के चार प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। न्यायालय कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस का जवाब चारों प्रतिष्ठानों को 30 अप्रैल को समक्ष में उपस्थित होकर देने के निर्देश दिए गए है।

### इन्हे मिला नोटिस

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिन चार संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है। उनमें आशीष सहजवानी पिता मोहनदास सहजवानी प्रोपराईटर 7 इलेवन रेस्टोरेंट एम.ई.एस कॉलोनी माधवनगर, उमेश रतनानी पिता जे.डी रतनानी प्रोपराईटर वैभव बेकर्स एण्ड आईसक्रीम एम.ई.एस कॉलोनी माधवनगर तथा विजय पाण्डेय पिता शिवप्रसाद पाण्डेय प्रोपराईटर स्टार द ढाबा, बडे हनुमान जी के मंदिर के पास पडुआ मोड कटनी एवं विशाल बहेलिया पिता वीरेन्द्र कुमार बहेलिया प्रोपराइटर बिरयानी स्टेशन एम.ई.एस कालौनी माधवनगर शामिल है।

खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा विगत 12 फरवरी को 07 इलेवल रेस्टोरेंट की जांच के दौरान घरेलू प्रवर्ग के एल.पी.जी गैस सिलेण्डर क्षमता 14.2 किलोग्राम का उपयोग कर उपभोक्ताओं को विक्रय करने के लिये खाद्य सामग्री तैयार करते पाये जाने का प्रतिवेदन दिया गया। यहां से जब एक सिलेण्डर एक सिलेण्डर प्रबंधक एच.पी गैस एजेंसी को दिया गया। जबकि भट्टी 7 इलेवन के मालिक आशीष सहजवानी की सुपुर्दगी में सोपा गया। एक अन्य प्रकरण में जांच दल द्वारा जांच के दौरान वैभव बेकर्स एण्ड ऑइस्क्रीम द्वारा एल.पी.जी गैस सिलेण्डर क्षमता 14.2 किलोग्राम का उपयोग कर उपभोक्ताओं को विक्रय करने के लिये बेकरी आईटम एवं मैगी तैयार करते पाये जाने पर एच.पी कंपनी का 1 सिलेण्डर एवं 1 नग भट्टी जप्त कर जप्त किया जाकर सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से एच.पी.कंपनी का 1 सिलेण्डर राजेश मिश्रा प्रबंधक कटनी एच.पी.गैस एजेंसी कटनी को तथा भट्टी 01 नग आशीष सहजवानी मालिक 7 इलेवन रेस्टारेंट को सुपुर्दगी में दिया जाने का प्रतिवेदन दिया है।

जबकि खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा 01 मार्च को स्टार द ढावा की जांच के दौरान प्रतिष्ठान में बी.पी.सी.एल कंपनी के घरेलू प्रवर्ग के 2 सिलेण्डर का उपयोग उपभोक्ताओं को विक्रय करने हेतु खाद्य सामग्री भोजन निर्मित करना पाये जाने पर 02 गैस सिलेण्डर एवं भट्टी को जप्त किया जाकर सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से राजेश मिश्रा प्रबंधक कटनी एच.पी.गैस एजेंसी कटनी को सुपर्द करने का प्रतिवेदन दिया गया। इसी प्रकारण बिरयानी स्टेशन प्रतिष्ठान की जांच के दौरान घरलू प्रवर्ग के एल.पी.जी गैस सिलेण्डर का उपयोग खाद्य समग्री तैयार करने मे पाये जाने पर 1 सिलेण्डर राजेश मिश्रा प्रबंधक कटनी एच.पी.गैस एजेंसी कटनी को तथा भट्टी 01 नग भट्टी विशाल बहेलिया को सुपुर्द की गई।

### इन नियमों का उल्लंघन

द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 की कंडिका 3 द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस के अप्राधिकृत कब्जे प्रदाय और उपभोग पर निर्बधन की उप कंडिका (1) (ग) में विहित है कि ऐसे प्रयोजन से जिसके लिये उपभोक्ता सरकारी तेल कम्पनी के वितरक के पास रजिसट्रिकृत है उससे भिन्न किसी प्रयोजन के लिए द्रवीकृत पेट्रोलियम का उपयोग नहीं करेगा। जबकि इन चारों प्रतिष्ठानों और संस्थानों के जांच प्रतिवेदनों मेघरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जाना प्रथम द्रष्टया दृवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 की कंडिका 3 (1) (ग) का स्पष्ट उल्लंघन करना पाया गया। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय है।

## मेंहदी एवं रंगोली के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के तहत प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत शनिवार को मेंहदी तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता करते हुए छात्राओ द्वारा प्रेरणादायी आकर्षक मेंहदी एवं रंगोली के माध्यम से भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए वोटरों को प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि प्रत्येक वर्ष हमारे देश में लाखों युवाओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाता है। साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित कई आवश्यक जानकारियां भी बताई एवं आगामी लोकसभा चुनाव मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को विद्यार्थियों से स्वयं मतदान करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। जिससे कि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो आरके त्रिपाठी, स्वीप प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ एस एस धुर्वे, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### काफी हाउस में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडियन कॉफी हाउस में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट करते हुए दोनों ही पक्ष वहां से भाग खड़े हुए। मारपीट की पूरी घटना कॉफी हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की सर गर्मी से तलाश कर शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि 5 अप्रैल की शाम लगभग 4:30 बजे मिशन चौक निवासी उजैक हुसैन, एजाज अहमद और काशिफ नामक युवकों के साथ मंटू यादव एवं शाहबाज कुरेशी ने मारपीट की। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। कई बार इन दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। गत शाम एक बार फिर दोनों पक्ष इंडियन कॉफी हाउस में आमने-सामने आ गए जिसके कारण दोनों के बीच जमकर लात घुसे चले। पुलिस ने मारपीट की घटना का शिकार हुए युवकों की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### देशी कट्टा एवं कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कटनी।** कुठला पुलिस ने चार स्थाई वारंटियो को पकड़ा साथ ही गुण्डा बदमाशों को चैक किया। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि गत रात्रि सूचना मिली कि ट्रांसपोंट नगर पुरैनी मे लाला उर्फ मुकेश निषाद निवासी इन्द्रानगर का अवैध रुप से कट्टा लिए आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने गुप्त आरोपी से एक देशी कट्टा 315 बोर का तथा जेब मे रखे 315 बोर का जिंदा कारतूस जप्त कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कट्टे सहित पकड़े गए अपराधी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी को न्यायालय के आदेश से जिला जेल भेजा गया है। इसके अलावा कांबिंग गस्त के दौरान कुठला पुलिस द्वारा 4 स्थाई वारंटी तामील करने के साथ-साथ आबकारी एक्ट के तहत तीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए एवं थाना क्षेत्र के विभिन्न गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को चेक किया गया। उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पटेल, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव एवं अन्य स्टाफ द्वारा की गई।

### ननि ने 12 प्रतिशत अधिक वसूला टैक्स

**कटनी।** वित्तीय वर्ष समाप्त होने के साथ ही नगर निगम ने कर वसूली में पिछले साल के रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए 12 प्रतिशत अधिक कर वसूल करके नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में जहां यह आंकड़ा 18 करोड़ था वहीं अब वर्ष समाप्ति के बाद कर वसूली का आंकड़ा 20 करोड़ पहुंच चुका है। निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला ने कर वसूली में लगी टीम को बधाई देते हुए शहर वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### चारपहिया वाहन में लगी काली फिल्म निकलवाई

**कटनी।** बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा वाहनों की सघनता से जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में आज बस स्टैंड चौकी पुलिस के द्वारा चौकी के समीप ही वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगी पाई गई। जिन्हें तत्काल ही उतरवा कर वाहन चालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही भी की गई। बस स्टैंड चौकी प्रभारी श्री मिश्रा ने कहा कि पुलिस के द्वारा चुनाव को देखते हुए इस तरह सरप्राइज चेकिंग जगह-जगह लगातार की जाएगी।

## आवागमन होता है बाधित, ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

# मार्गों में आवारा मवेशियों के डेरों से बनी रहती है हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



सड़क हादसों के मामले बढ़ रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद भी दुर्घटनाओं में किसी न किसी की जान जा रही है। कभी लापरवाही तो कभी अन्य कारणों के चलते वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते हैं। हादसों की प्रमुख वजहों में से एक सड़कों में मवेशियों का डेरा भी शामिल है। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई तो कभी अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

स्लीमनाबाद-उमरियापान- ढीमरखेड़ा मुख्य मार्गों पर मवेशी झुण्ड में पूरी सड़कों पर इस तरह बैठे या खड़े रहते हैं कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो जता है। सड़कों में जगह-जगह पर 8 से 10 या इससे भी अधिक मवेशी झुंड बनाकर एकजुट रहते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है। दुर्भाग्य है कि सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। आवारा मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को भी नहीं है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि जनता स्वयं संभलकर चलें। प्रशासन के द्वारा समय-समय पर यातायात व्यवस्था एवं पशुओं की समस्या को लेकर बैठक होती है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से आम आवाम की परेशानी जस की तस बनी हुई है। तहसील और पुलिस प्रशासन का भी ध्यान इस ओर नहीं है। ऐसे में मवेशियों के साथ-साथ सड़कों के किनारे कई जगह ठेले-खोमचे, वाहनों को यत्र-तत्र खड़ा करने से जाम की स्थिति बनती है। प्रशासन सार्थक प्रयास नहीं करता है तो वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आवागमन में परेशानी

बीच सड़क पर बैठे आवारा पशुओं के साथ होने वाली दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा रात के समय वाहन चालकों को समस्या होती है। कुछ आवारा मवेशी ऐसे हैं जिनका रंग काला होता है और बीच सड़क पर बैठे या खड़े रहते हैं। तेज गति से आवागमन वाले वाहन चालकों को ये जानवर दिखाई नहीं देते जिसके कारण दुर्घटना घट जाती है। रात्रि में कई बार मवेशी दिखाई नहीं देता हैं। आवारा मवेशियों के चलते अक्सर छोटे बड़े हादसों में लोग चोटिल हो जाते हैं कई बार जान तक चली जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मुख्य मार्गों में आवारा पशु बीच सड़क पर बैठ कर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। इस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।



# डीपीएस में दिया गया जनरल प्रोफिशिएंसी अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डीपीएस कटनी में गत दिवस कक्षा छठवीं से नवमीं एवं कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों हेतु सत्र 2023-24 के आधार पर अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें क्रमशः - बेस्ट इन एकेडमिक्स, ऑल - राउंडर, बेस्ट इन डिसीप्लिन, बेस्ट इन ड्रेस ब्यॉइस, - गर्ल्स बेस्ट इन कॉनवर सेशन, बेस्ट इन म्यूज़िक, बेस्ट' इन' डांस', मोस्ट सोशल चाइल्ड बेस्ट इन आर्ट एण्ड कंप्यूटर विजार्ड आदि विभिन्न कैटेगिरी के आधार पर विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती जूही जैन के निर्देशन में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर के द्वारा सम्मानित किया गया। जनरल प्रोफिशिएन्सी अवॉर्ड को लेकर सभी विद्यार्थियों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। ऐसा हो भी क्यों न बच्चों ने पूरे वर्ष भर मेहनत जो की होती है। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती जूही जैन ने अपने संदेश में पुरस्कृत हुए सभी बच्चों को बधाई दी तथा जो बच्चे पुरस्कार प्राप्त करने से वंचित रह गए उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प देने की प्रेरणा दी। छात्र छात्रओं की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करता हैं इस प्रकार आज का कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र छात्रओं का भी योगदान रहा।

*जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की बैठक का हुआ आयोजन*

# शिक्षा परिसरों के आसपास नशा करने वाले व्यक्तियों की होगी सघन जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति नार्को समन्वय तंत्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन खास तौर पर मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि स्कूल एवं कॉलेज परिसर के आसपास नशा करने वाले व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जाये। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खोखला करने के षडयंत्र में लगे ऐसे तत्वों के विरूद्ध ठोस और कारगर कार्यवाही के लिए पुख्ता सूचना तंत्र विकसित किया जाये। ताकि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

बैठक में जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरूद्ध कार्यवाही करने और स्कूलों कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रंजन ने शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात से कहा कि वे गुलवारा में बने शासकीय कन्या महाविद्यालय के नव निर्मित भवन के सूचना पटल पर पुलिस कंट्रोल रूम और झिंझरी चौकी प्रभारी का मोबाइल नंबर और दूरभाष नंबर लिखवा दें। ताकि किसी भी आपात स्थिति में छात्राएं तत्काल पुलिस की सहायता ले सकें।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह सहित पुलिस के क्राइम ब्रांच के अधिकारी मौजूद रहे।

## वॉल पेंटिंग से मतदाता जागरूकता की गतिविधियां




जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत लगातार विविध प्रकार की गतिविधियों की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतंत्र की दीवार के अंतर्गत पेंटिंग के द्वारा चित्रों के माध्यम से मतदाता जागरूकता के द्वारा मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु आयोजन किए गए। जिला पंचायत कटनी में भी वॉल पेंटिंग के द्वारा मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गई। जिला सीईओ गेमावत ने बहोरीबंद पहुंचकर लोकतंत्र की दीवार के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा मतदान केदो का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। पेंटिंग के द्वारा कल का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला पंचायत के सीईओ ने प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने मतदाताओं से अपने एक-एक अमूल्य वोट को करने की अपील की।

# मतदाता जागरूकता समूहों का कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन तथा सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत व निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में नगर निगम के आडिटोरियम बस स्टेण्ड कटनी में लोक सभा निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता समूहों का कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी बीएलओ/ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/समूह सदस्यों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी नैतिक मतदान की अपील का वितरण करते हुये जमीनी स्तर पर किसी भी प्रकार से आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत के लिए ''सी विजिल एप'' कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 07622-222188, या 1950 पर सूचित करने हेतु अवगत कराया गया। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सभी उपस्थितजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त मतदाता पर्चियों का समय पर शत-प्रतिशत वितरण करने तथा मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु अधिक से अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, प्राचार्य महिला कालेज चित्रा प्रभात, प्रोफेसर माधुरी गर्ग, मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र असाटी, सहायक परियोजना अधिकारी मृगेन्द्र सिंह, निर्वाचन प्रभारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन मौजूद थे।

*लोकसभा चुनाव के तहत आचार संहिता का पालन कराने कार्यवाही*

# पुलिस ने जांच दौरान 10 स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार, 170 पाव शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर द्वारा संघनता से वाहन चैकिंग में 5 लाख रुपए नगदी एवं 10 स्थाई वारंट, अवैध शराब परिवहन करते 05 आरोपियों को पकड़ने में मिली सफ़लता।



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के पालन में माधवनगर पुलिस निरन्तर कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानो से मुखबिरो की सूचना पर 04 आरोपियों से 117 पाव अवैध शराब कीमती 11300₹ रुपए की, सार्वजनिक स्थान में शराब पीते 01 व्यक्ति को पकड़ा है। पकड़े गए 05 आरोपियों के विरूध्द पृथक पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

इसी प्रकार सघनता से वाहन चैकिग के दौरान माधवनगर चौराहा के पास tuv कार में सवार व्यक्ति के वाहन की चैकिंग की गई गाड़ी के सीट पर रखे बैग को चैक करने पर 5 लाख रूपए नगद पाये जाने पर दोनो कार में सवार व्यक्तियों से इतनी नगदी रखने व लाने ले जाने का कारण पूछा गया जिन्होंने नगदी रखने कारण बताया पुलिस को युक्तियुक्त लगने पर उक्त रकम वापस उन्हें सुपुर्द की गई।

कांबिंग गस्त के दौरान वॉरेंट तमीली में माधव नगर पुलिस महज़ 12 घण्टे में 10 स्थाई वारंट की तमीली की है जिसमें से 03 स्थाई वारंट 10 से 12 साल पुराने मामले के आरोपी हैं बांकी 07 स्थाई वारंट जो कि 3 से 4 साल पुराने मामले में पुलिस को आरोपियों की तालाश थी। जिन्हें पकड़ने व तामील कराने में काफ़ी मशक्कत करनी पड़ी है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

उपरोक्त कार्यवाही में अनूप सिंह ठाकुर निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, महेन्द्र जयसवाल चौकी प्रभारी झिंझरी, विष्णु शंकर जायसवाल उप निरीक्षक, राकेश पटेल उप निरीक्षक, राजेश बागरी सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक रवि मोहन, पवन, अविनाश, आशीष श्रीवास, सुग्रीव बडगइया, आरक्षक सनोज, चंद्रेश, सुभाष, गौरव गिरी एवम् आदर्श बघेल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का पालन कराने कार्यवाही

# बाइक सवार युवक से 7 लाख 96 हजार रूपए किये गये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक मार्गों पर एसएसटी नाके लगाए गए हैं। नाके में मौजूद कर्मचारियों के द्वारा आने जाने वाले वाहनों पर निगाह रखते हुए वाहनों की तलाशी ली जा रही है। इसी तरह वाहनों की जांच करते हुए नाके में मौजूद कर्मचारियों के द्वारा बाइक से जा रहे दो लोगों को जब रोक कर तलाशी ली गई तो उनके पास रूपयों से भरा बैग मिला। बैग में भारी मात्रा में रखें रुपए देखकर नाके में मौजूद कर्मचारियों के होश उड़ गए। रूपयों के संबंध में बाइक सवार कोई सही जवाब नहीं दे सके जिसके कारण रुपए कर्मचारियों के द्वारा जप्त कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के निर्देशन तथा स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को देखते हुए लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 12 शहडोल में धनवाही ग्राम के समीप एसएसटी चेक पोस्ट लगाया गया है। 6 अप्रैल को चेक पोस्ट पर रोज की तरह आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम छपरा तहसील मझौली जिला जबलपुर निवासी शंकर पिता लोटन कुशवाहा मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एनएक्स 9086 में एक बैग लेकर जा रहा था। जब उसे रोक कर बैग की तलाशी ली गई तो बैग के अंदर 7 लाख 96 हजार 752 रुपए नगद रखे हुए मिले। रूपयों के संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर ना दे पाने के कारण नाके के कर्मचारियों द्वारा रुपए जप्त कर लिए गए।

उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सिद्धार्थ राय थाना प्रभारी उमरियापान एवं एसएसटी टीम के मोहनलाल धनका, सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह, सैनिक देवेंद्र बाजपेई, बबलू राम लोधी, कोटवार सुरेश दहिया की भूमिका रही।

इसी तरह बड़वारा पुलिस ने एसएसटी टीम ने शुक्रवार को वाहनों की जांच के दौरान विलायतकला नाका एक कार की जांच की। जिसमें चालक के पास से चार लाख 90 हजार रुपये मिले। सत्यापन के बाद राशि संबंधित को दी गई। थाना प्रभारी बड़वारा ने बताया कि विलायतकला नाका में जांच के दौरान कार क्रमांक एमपी 21 सीबी 1709 को रोककर उसकी जांच की गई। कार में चार लाख 90 हजार रुपये नकद जब्त किए गए। पूछताछ में चालक कुलदीप पिता उदयवीर सिंह ने बताया गया कि रेत खदान का पैसा है। जिसके संबंध में मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत करने पर राशि युवक को सौंप दी गई।

# मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान व सुरक्षाकर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल-ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास व कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास-कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा, जबकि बीईएल -ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान-मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख की अनुग्रह राशि मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### नौ दिवसीय अखंड कीर्तन 9 से

**दमोह।** जबलपुर नाका परसुराम मंदिर के नीचे माता मंदिर दमोह में 19 वे वर्षीय हे माता अम्बे का 9 दिवसीय अखंड संकीर्तन दिनांक 9 अप्रैल 2024 से होने जा रहा हैं। संयोजक पुरूषोत्तम चौबे हरिओम ने बताया कि 6 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 9 दिवसीय संकीर्तन के संबंध में बैठक की। जिसमें दिलीप राय, डॉ गिरीश मिश्रा, संदीप यादव, मनोज चौबे, बबलू अग्रवाल, सरपंच जयपाल यादव, कृष्णा यादव, मनीष तिवारी, राकेश रैकवार, गुड्डन दुबे, अंकित श्रीवास्तव, जमना चौबे, राम सिंह, राकेश चौहान, मुकेश तिवारी, श्याम विश्वकर्मा, पप्पू तिवारी मारूताल और बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी लोगो की उपस्थिति रही।

### सी.सी. कैमरा लगवाए सराफा व्यापारी संदिग्ध व्यक्ति होने पर करें सूचित

**पवई।** आए दिन हो रही चोरी एवं लूटपाट की घटनाओं से सुरक्षित व सतर्क रहने के लिए थाना परिसर मे नगर के सराफ व्यापारियों की बैठक आयोजित की जिसमे नगर के एक दर्जन से अधिक व्यापारी मोजूद रहे थाना प्रभारी त्रिवेन्द्र त्रिवेदी सुरक्षा की दृष्टि से दुकानों पर सी सी कैमरा लगवाने की सलाह दी गई साथ ही बुजुर्ग व्यक्ति से दुकान का संचालन न करवाए दुकान पर कोई संधिक्त व्यक्त समझ मे आता है तो तुरंत पुलिस को दे। अपरिचित व्यक्त पर आभूषण दिखाते समय विशेष ध्यान दे। सावधानी ही सुरक्षा है।

### सचिव नारायण सिंह राजपूत निलंबित

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत बसौरा के सचिव नारायण सिंह राजपूत को निलंबित करने की कार्यवाही की है। जिला पंचायत में प्रस्तुत लिखित शिकायत अनुसार सचिव ने बसौरा में नल-जल योजना अंतर्गत किए गए कार्य का हैण्डओवर ग्राम पंचायत को प्रदान करने के लिए अनुचित राशि की मांग की थी। इसके अतिरिक्त सचिव ने हैण्डओवर हो चुकी नल-जल योजना के मेन्टेनेंस कार्य के एवज में पुनः 15 हजार रूपए की मांग की। इस संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा जिला पंचायत सीईओ को 5 अप्रैल को आवेदन प्रस्तुत कर बतौर साक्ष्य मोबाइल रिकार्डिंग सुनाई गई। प्रथम दृष्टया अनुचित राशि की मांग संबंधी शिकायत सत्य प्रतीत होने और सचिव का कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के प्रावधानों के प्रतिकूल होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय गुनौर निर्धारित किया गया है और आगामी आदेश तक ग्राम रोजगार सहायक सोमवती अहिरवार को सचिवीय प्रभार सौंपा गया है।

### 50 किसानों ने स्लाट बुक कराए, गेहूं बेचने नहीं पहुंचा कोई

# दो दिन बाद भी खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा



समर्थन मूल्य पर गेहूं चना खरीदी प्रारंभ हुए वैसे तो एक सप्ताह बीत गया है लेकिन अभी तक कोई भी किसान खरीदी केंद्र पर उपज लेकर नहीं पहुंचा। खरीदी की रफ्तार इसी तरह से चलती रही तो अनुविभाग हटा क्षेत्र को मिला टारगेट भी पूरा नहीं होगा। इधर व्यापारियों की आदत में गेहूं की बंपर आवक हो रही है और खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। जबकि हटा अनुविभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूं और चना की खरीदी के लिए सात केंद्र खुल गए हैं, हालांकि इन सात खरीदी केंद्रों पर 50 किसानों ने गेहूं विक्रय करने के लिए स्लाट भी बुक करा लिए हैं लेकिन गेहूं लेकर अभी एक भी किसान खरीद केंद्र पर नहीं पहुंचा है। बताया गया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए अनुविभाग क्षेत्र में सात सहकारी संस्थाओं को खरीदी केंद्र नियुक्ति किया गया है उनमें गेहूं के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं जिसमें रसीलपुर, हटा खास, मुहरई हटा एवं मडियादो शामिल है जिनकी खरीदी के लिए रसीलपुर सहकारी समिति की गेहूं खरीदी रनेह रोड पर पटेल गैस एजेंसी गोदाम के पास तिवारी वेयरहाउस, हटा खास की खरीदी शारदा वेयर हाउस ककराई, मुहरी हटा के लिए छत्रपति शिवाजी वेयर हाउस हिनोता केंद्र बनाया गया है वहीं चना खरीदी हेतु रसीलपुर सेवा सहकारी समिति के लिए जीआरपी वेयरहाउस लुहारी के समीप अंगीठी ढाबा के पास, हिनौता कला में छत्रपति शिवाजी वेयरहाउस के अलावा फतेहपुर में चना खरीदी केंद्र बनाया गया है जिसमें सहकारी संस्थाएं खरीदी कार्य करेंगी। रसीलपुर समिति प्रबंधक प्रदीप दुबे ने बताया कि रसीलपुर समिति में गेहूं एवं चना की खरीदी की जावेगी जिससे किसानों को दोनों फैसले बेचने में सुविधा होगी अतः किसान 9131286558 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर गेहूं चना विक्रय हेतु स्लाट बुक कर सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि शासन से निर्धारित तिथि के अनुसार 29 मार्च से जिले के साथ हटा में समर्थन मूल्य पर गेहूं चना की खरीदी के लिए केंद्र खुल गए हैं इन केंद्रों पर वारदाना नहीं पहुंचने के कारण इनकी तिथि 5 अप्रैल से खरीदी करने निर्देशित किया गया था। जहां सरकारी संस्था का अमला पूरी तैयारी के साथ गेहूं चना की खरीदी के लिए तैयार बैठ गया है लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी इन खरीदी केंद्रों पर अभी एक भी दाना बिकने के लिए नहीं पहुंचा है। हालांकि इसके पीछे एक कारण तो यह है कि अभी ज्यादातर किसानों की गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार नहीं हो पाई है जिन किसने की गेहूं की फसल तैयार हो गई है वे मंडी की तरफ रुख कर रहे है, क्योंकि मंडी में फिलहाल गेहूं का भाव ठीक ठाक चल रहा है लेकिन ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सभी किसानों की गेहूं तैयार हो जाएगी और अप्रैल के दूसरे सप्ताह से किसान खरीदी केदो पर गेहूं विक्रय के लिए पहुंचेंगे।

## बस एवं ऑटो चालकों का कराया नेत्र परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह

कुंडलपुर में हो रहे धार्मिक आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री श्रुत कीर्ति सोमवंशी महोदय के निर्देशन एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा महोदय के मार्गदर्शन में यातायात निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को द्वारा जिला चिकित्सालय दमोह के नेत्र विशेषज्ञों के सहयोग से नेत्र परीक्षण का आयोजन कराया गया। जांच के दौरान वाहन चालकों का निकट दृष्टि दोष,दूर दृष्टि दोष, मोतियाबिंदु एवं कलर ब्लाइंडनेस की जांच की गई। ताकि चालक सही समय पर इलाज करवा कर इनके कारण होने वाली दुर्घटनाओं को अहैतियातन तौर पर रोका जा सके। नेत्र परीक्षण में जिला अस्पताल से डॉक्टर आशुतोष पटेल , सुधा राय,, डिप्टी डीपीएम प्रशांत रोहित एवं थाना यातायात से उप निरीक्षक भवानी सिंह, एचसी जालम , आरक्षक विनोद, राज किशोर की अहम भूमिका रही।

## शत प्रतिशत मतदान करने ग्रामीण युवाओं ने ली शपथ



**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में संपूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अनेक प्रकार स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, इसी क्रम में छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति सेक्टर सदगुवां विकासखंड पथरिया द्वारा सदगुंवा सेक्टर के ग्राम पंचायत भौंरासा में युवाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। उपस्थित जनों ने संकल्प लिया है कि हम अपने ग्राम में शत-मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित करेंगे।

## शक्ति केंद्र झलौन में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**झलौन।** मंडल तेजगढ़ बिधान सभा जबेरा 56 के शक्ति केंद्र झलौन के बूत क्रमांक 201मगदुपुरा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एब पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी चित्र पर माल्यार्पण एवं गुलाल लगाकर भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य अतिथि राजकुमार सिंह लोधी लोकसभा मंडल प्रभारी मोजुदगी रहे एवं राजकुमार सिंह द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को भाजपा का दुपट्टा डालकर भाजपा की सदस्यता दिलाई एवं वरिष्टों का सम्मान किया। कार्यक्रम में शामिल सेक्टर प्रभारी दुर्जन सिंह लोधी, अशोक साहू, देवी पटेल, मुकेश जैन झलौन, अनिल यादव, सेहरी गोकुल खरे, रुप लाल विश्वकर्मा, मुकेश साहू, संतोष पटेल, कमलेश साहू, चंदन ठाकुर, अंचलपुरा, लखन पटेल दर्जनों कार्यकर्ता स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## एड. भावना साहू का हुआ दमोह आगमन



**दमोह।** भारतीय तेलिक साहू राठौर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एड. भावना साहू का दमोह नगर आगमन हुआ। सत्येंद्र साहू के निवास पर स्वागत किया गया। राठौर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मल्ला राठौर, साहू समाज के जिला अध्यक्ष संतोष साहू, नगर अध्यक्ष कल्पित साहू, पूर्व पार्षद श्रीमति गिरजा साहू, सौरभ साहू, लकी साहू सहित सभी ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि साहू राठौर समाज आपसी सामंजस्य स्थापित कर भारतीय तेलिक साहू राठौर महासभा को मज़बूत करें। और सभी से निवेदन किया कि साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जीवन गाथा सनातन धर्म की बड़े पर्दे की फिल्म मेरी मां कर्मा रिलीज़ हुई है उसे जरुर सपरिवार देखें। भारतीय तेलिक साहू राठौर महासभा जनगणना अभियान के राष्ट्रीय संयोजक सत्येन्द्र साहू ने कहा कि साहू राठौर समाज की जनगणना अपने अपने क्षेत्रों में करें। जिससे समाज की विभिन्न प्रतिभाये निखर कर आएंगी और उनका समाज को विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मिलेगा।

## भाजपा का स्थापना दिवस सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली पार्टी की सदस्यता



**बनवार।** भाजपा की स्थापना दिवस के अवसर पर संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छवि पर माल्यार्पण करते हुए जबेरा सिग्रामपुर सिंगपुर पोंडी चिलोद मैं सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा सदस्यता दिलाई। नए सदस्यों का भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने स्वागत किया। राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद व अंत्योदय की परिकल्पना देकर इस देश को एक दिशा देने का काम किया इस अवसर पर जबेरा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई सहित बीजेपी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## प्रत्येक बूथ में 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य

**हटा।** 400 के लक्ष्य को पूरा करने के संकल्प के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं में जनता तक पहुंचकर संपर्क तेज गति से चल रहा है। जहां शनिवार को भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर बूथ क्रमांक 110 पर युवा चौपाल आ



आयोजन हुआ जहां भाजपा युवा मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष शैलेष पटेल ने युवाओं से संवाद कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का प्रयास किया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने बूथ में वोट प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाना है अभी बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना और 10 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। शैलेश पटेल ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है जिसमें हर एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की अहम जिम्मेदारी है पूरी ईमानदारी और परिश्रम से जनता के बीच में जाकर उनके सामने अपनी बात रखें तो जानता न केवल हमारी बातों को सुनेगी बल्कि उसे पर अमल करते हुए कमल के फूल को वोट देगी। इस दौरान कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता चंदू दाहिया को भाजपा की सदस्यता दी गई।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता दौलत पटेल दल,बूथ अध्यक्ष देवेंद्र,चंदू दाहिया, ब्रजेश,गजेंद्र, यश, रवि, रोहित सेन,भरत पटेल एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## अतिथि शिक्षक संघ ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** डीपीआई द्वारा 04 अप्रैल को जारी अतिथि शिक्षक आदेश क्रमांक-64, को निरस्त करते हुए महापंचायत में की गई घोषणानुसार पूरे एक साल का अनुबंध आदेश जारी करने, उच्च पद प्रभार के कारण बेरोजगार हुए अतिथि शिक्षकों का रिक्त पदों पर समायोजन एवं शॉर्ट टर्म ज्वाइनिंग के संबंध में अतिथि शिक्षक संघ जिला दमोह ने जिलाधीश महादेय के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर राय ने बताया कि 02 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षक महापंचायत आयोजित कर, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, के द्वारा अतिथि शिक्षकों के हित में कई घोषणाएं की गई थी, जिसमें से दोगुने मानदेय का आदेश तो जारी कर दिया गया, परंतु अन्य घोषणाओं के आदेश आज दिनांक तक जारी नहीं किए गए। जिला सचिव इमाम खान ने बताया कि शेष घोषणाओं में पूरे एक साल का अनुबंध, शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण, उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, प्रतिवर्ष 4 अंक बोनस, महीने की निश्चित तारीख को मानदेय, पात्रता परीक्षा लेकर नियमित करने की योजना शामिल है। प्रमुख तात्कालिक मांगों में महापंचायत में की गई घोषणानुसार, पूरे एक साल (12 माह) का अनुबंध आदेश, उच्च पद प्रभार आदि के कारण बेरोजगार हुए अतिथि शिक्षकों का रिक्त पदों पर समायोजन, नाममात्र के मानदेय में वर्षों से गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं देते आ रहे, वर्तमान में त्ज्न के नियमों

## विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**बनवार।** जबेरा विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र नोहटा की शाला और पिपरिया नंदलाल शिक्षिका माया पांडे अशोक शर्मा की सेवनिवृति उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । आयोजित समारोह को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिका के विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किये । वही कहा कि सेवा में आने वाला का सेवानिवृत होना एक परंपरा है। जिसका हर किसी को पालन करना ही है। इनका शिक्षको और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा । आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। सबने उनकी दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन की कामना किया। विद्यालय शिक्षक और गणमान्य लोग द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिका को माला पहना कर शाल श्री फल से सम्मानित किया , शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्रा और गणमान्य लोग द्वारा कई उपहार भेंट स्वरूप दिया गया इस अवसर पर दमोह डीपीसी जबेरा बीआरसी के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों शिक्षक शिक्षाओं छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के पैरामेडिकल विभाग द्वारा स्वस्थ नारी-स्वस्थ प्रदेश के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसकी संकल्पना एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व, कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस तरह के स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क शिविर के माध्यम से दमोह जिले से सुदूर रहने वाले ग्रामीण जनों को स्वास्थ्य लाभ देकर समाज सेवा का कार्य विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस की ओर से लगातार किया जाता है। पैरामेडिकल विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के द्वारा स्वस्थ नारी स्वस्थ प्रदेश के तहत निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन दमोह जिले के पटेरा तहसील के सतरिया गाँव में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इसमें ब्लड शुगर ,ब्लड प्रेशर, ब्लड हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया जांच एवं फिजियोथेरेपी के साथ ही आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा वितरण का कार्य किया गया। जिसमें 145 महिलाओं एवं 76 पुरुषों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

# भाजपा ने जिले के 1168 बूथ पर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह



भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि पार्टी का स्थापना दिवस जिले के सभी 1168 बूथों पर मनाया गया, जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके ध्वजारोहण किया एवं पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये कहा कि 6 अप्रैल, 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी, आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई हैं, पार्टी के पितृ पुरुषो ने अपने खून पसीने से सींचकर भाजपा को विशाल वटवृक्ष बनाने का कार्य किया उन सभी महापुरुषों को नमन करता हूं। राष्ट्रवादी विचारधारा, अंत्योदय के सिद्धांत व मोदी जी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरत है उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित भारतीय जनता पार्टी रूपी छोटे से पौधे को अपने अमूल्य त्याग एवं कठोर परिश्रम से विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल जैसा वटवृक्ष बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई तथा संस्थापक सदस्यों को कोटि-कोटि प्रणाम। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विनोद यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, लोकसभा सह संयोजक श्याम शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, रमन खत्री, कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, रिंकू गोस्वामी,किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, प्रकोष्ठ संयोजक विक्रमराजपूत,जुगल अग्रवाल, देवल कोरी, बाबू अग्रवाल, मुकेश खरे सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है। स्थापना दिवस के अवसर जिले के मारूतल ग्राम में पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया ने पहुंचकर ग्रामीण जनों के साथ स्थापना दिवस मनाया। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने सिविल वार्ड 2और बजरिया वार्ड में स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुये, राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह जबेरा विधानसभा के तेजगड में स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित हुये लोकसभा प्रभारी विनोद यादव और संजय राय, अनुपम सोनी ने पुराना बाजार के बूथ 111,112 बूथों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ स्थापना दिवस मनाया। जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन सिविल वार्ड 6 के बूथ 158पर जाकर बूथ समिति प्रभारी पंकज सेन के साथ स्थापना दिवस मनाया। जिले के सभी बूथ केंद्रों पर अतिथियों ने पहुंचकर संगठनात्मक रचना के कार्य किए और लाभार्थियों को मोदी जी की राम राम पहुंचाई। स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के सभी जिला और मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने अपने-अपने बूथ पर स्थापना दिवस मनाकर घरों पर पार्टी ध्वज वंदन किया और लाभार्थियों से संवाद भी किया गया।

### पटेरा में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**पटेरा।** भाजपा का स्थापना दिवस पटेरा भाजपा मंडल द्वारा बूथ स्तर पर मनाया गया। टोपी लगाकर वाहन रैली निकाली गइ। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र सोनी, हरप्रसाद चौरसिया, दीपक ताम्रकार, मुन्ना अवधिया, पं दयाशंकर चौबे, काशीराम साहू, राजू आचार्य, दुर्गेश सोनी, बेनी चौरसिया, नरेन्द्र अग्रवाल, शिवम सोनी, संतोष सहारा, कन्नू गोविंद सेन, लक्ष्मन साहू, जानी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रमुख वक्ताओं ने भाजपा के स्थापना दिवस से लेकर देश में सबसे बडी पार्टी बनने का बखान कर वर्तमान नेतृत्व को संभाला। प्रारंभ में पं दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**खबर संक्षेप**

## समिति का किया गठन

**दमोह**। रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत दमोह जिले में एकलव्य विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र की जांच तथा संस्था का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन पंद्रह दिवस के अंदर उपलब्ध कराये जाने हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्ष अपर कलेक्टर मीना मसराम एवं सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बैक होंगी।

## प्रमुख चौराहों पर ठंडे पानी के प्याऊ शुरू

**दमोह**। प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गर्मी के मौसम में नगर पालिका परिषद दमोह द्वारा शहर के चार स्थानों पर शुद्ध पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई इसमें राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध रहेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुषमा धाकड़ द्वारा बताया गया की शहर के चार स्थान जिसमे अस्पताल चौराहा, नगर पालिका परिषद कार्यालय, कलेक्ट्रेट, और बस स्टैंड के पास प्याऊ प्रारंभ की गई आगे अगर और आवश्यकता पड़ेगी तो और भी प्याऊ प्रारंभ किए जाएंगे।

## पंचायतकर्मियों के रवैये से ग्रामीण परेशान

**फतेहपुर**। एक ओर जहां शासन अपनी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं लगा रही है लेकिन ग्राम पंचायत कर्मियों की कार्यशैली के कारण आमजनमानस तक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत फतेहपुर के सचिव जुगराज सिंह लोधी जनता को गुमराह करने में अपनी कोई कसर नहीं लगा रहे है। जहां ग्रामीणों को अगर कोई काम या सरकारी योजनाओं की जानकारी लेनी होती है तो वह पंचायत जाते हैं और वहां पर सचिव नहीं मिलते हैं। सचिव का कहना है की जो काम करवाना है वह मेरे घर पर जाकर करवाये। जब कोई कार्य कराने के लिये उनसे संपर्क करते है तो वह फोन रिसीव नहीं करते।

### प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही पुलिस जांच में जुटी

# गोली लगने से सब्जी विक्रेता की मौत के बाद सनसनी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आचार संहिता के बीच गोली चलने से युवक की मौत की वारदात के बाद सनसनी व्याप्त है। शहर के जबलपुर नाका क्षेत्र का है जहां शनिवार शाम गोली चलने से सनसनी के हालात निर्मित होते देर नहीं लगी जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से जानकारी आई मोनू असाटी नाम की सब्जी विक्रेता की बंदूक की गोली से मौत हो गई है। बाद में 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची तथा मोनू को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मोनू असाटी समन्ना का निवासी था तथा जबलपुर नाका क्षेत्र में किराए के कमरे में रहता था। उसने स्वयं को गोली मार कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना स्थल से पुलिस ने देशी कट्टा ची बरामद किया है। घटना की वजह का पता नहीं लग सका है। मोनू ने खुद को गोली मारी या किसी और ने तथा किस वजह से उसने आत्महत्या कदम उठाया या फिर किसी और ने उसे पर निशाना लगाया। फिलहाल पुलिस जांच का विषय है। देहात थाना पुलिस के साथ जबलपुर नाका चौकी पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद सीएसपी अभिषेक तिवारी मौके पर तथा एएसपी संदीप मिश्रा जिला अस्पताल पहुच गए थे। मामले में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है। उल्लेखनी हे कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान जब लाइसेंसी शस्त्रों तक को नजदीकी थाना रखवा लिया जाता है ऐसे में यदि गोली चलने की वारदात सामने आए तो इस बात पर आश्चर्य होना लाजमी है कि आखिर देशी कट्टा संबंधित के पास कहां से आई।

## मुनि श्री समय सागर जी की 9 अप्रैल को कुंडलपूर में होगी ऐतिहासिक अगवानी

**दमोह**। परम पूज्य संत शिरामणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य ज्येष्ठ एवम श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी



महाराज की 9 अप्रैल को कुंडलपूर मे अगवानी होगी। पूज्य महामुनिराज की अगवानी एक नये इतिहास के सृजन का परिचायक होगी। 9 अप्रैल को लेकर देश भर के श्रावको मे उत्साह है। प्रत्येक शहर नगर गाँव से हजारो हजारो भक्त कुंडलपूर अगवानी के लिये पहुँचने जा रहे है। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने हम सभी लोग कुंडलपूर अवश्य पहुँचे। गौर हो कि मुनि श्री समय सागर जी ससंघ बांदकपुर में विराजमान है जहां से आज शाम उनके विहार की प्रबल संभावना है। इसके पश्चात हिण्डोरिया पटेरा होते हुये मुनि संघ कुण्डलपुर पहुंचेगा जहां विराजमान मुनि संघ का मंगल मिलन होगा।

# खनन माफिया पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन, मशीन समेत विस्फोटक सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



नोहटा थानांतर्गत बनवार चौकी पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम खेड़ार गांव के समीप खनन माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक ट्रैक्टर,एक कंप्रेसर मशीन सहित विस्फोटक सामग्री को बरामद करते हुए अवैध खनन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि चौकी क्षेत्र के खेड़ार गांव के समीप गदरी हार में पत्थर की खदान में विस्फोट करके आरोपियों द्वारा अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना की पुष्टि करते हुए चौकी प्रभारी ने एक टीम गठित की गई और मौके पर पहुंच कर उक्त कार्रवाई की है और घेराबंदी करते हुए खनन माफिया सोनू सिंह निवासी हरदुआ एवं तीरथ अहिरवार परस्वाहा को दबोच लिया। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से एक ट्रैक्टर,एक कंप्रेसर मशीन सहित 4 गुल्ला जिलेटिन,4 डोटनेटर को भी बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 आईपीसी में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया जहां से दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। खनन माफिया के खिलाफ इस बड़ी कार्यवाही में चौकी प्रभारी मनीष यादव,आर बीएस मणिवलिप्पा,आर उदयभान की अहम भूमिका रही।

## वर्षों से संचालित पत्थर की अवैध खदानों जिम्मेदारों को भनक तक नहीं लगी

वर्षों से अवैध खदानों में विस्फोट करके पत्थर धड़ल्ले से पत्थर निकाले जाने के इस गंभीर मामले में हैरानी की बात तो यह है राजस्व भूमि में बिना अनुमति के क्षेत्र के हरदुआ मानगढ़ एवं खेड़ार गांव के समीप अधिकतर पत्थरों की खदाने राजस्व की लगानी भूमि में धड़ल्ले से संचालित हो रही है,जिस पर राजस्व विभाग द्वारा भी कोई कार्यवाही नही की जाती। हालत यह कि माफियाओ द्वारा विस्फोट कर पत्थरों को निकालकर बड़े बड़े गड्डे बना दिए है। हैरानी की बात है कि राजस्व विभाग के हल्का पटवारी को कोई भनक तक नही लगती वही पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ट्राली वन नाका चौकी से धड़ल्ले से रोजाना निकलते रहते और खनन माफिया के खिलाफ न तो पटवारी कोई कार्यवाही करते है और न ही वन विभाग की नाका चौकी में कोई रोक टोक होती है ऐसे में अवैध खदानों के संचालित होने में राजस्व विभाग और वन विभाग की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता छोटे से लेकर बड़े अधिकारी सबके सब सेट है यही वजह है अवैध पत्थरों की खदान में बरसों से संचालित हो रहे हैं और धरती का सीना छलनी किया जा रहा है।

## शराब दुकान से पांच लाख से अधिक की 112 पेटी अवैध शराब पकड़ी

**दमोह**। जिले की अनेक शराब दुकानों के नए ठेके होने के बाद इन दुकानों में पुराने ठेकेदार की शराब को खपाया जाना कोई नई बात नही है लेकिन लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के चलते आबकारी विभाग द्वारा की गई जांच के दौरान पथरिया की कंपोजिट शराब दुकान में जरूरत से ज्यादा स्टॉक मिलने पर 5 लाख से अधिक कीमत की 112 पेटी शराब को जप्त करके कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के आबकारी विभाग द्वारा शनिवार को दमोह जिले की पथरिया कंपोजिट शराब दुकान में निरीक्षण के दौरान 112 पेटी मसाला शराब की स्टॉक से अधिक पाई गई। सहायक आबकारी अधिकारी के पी गांधी ने बताया पथरिया कंपोजिट शराब दुकान बी में देशी मसाला शराब की 342 पेटिया पाई गई वही परमिट 230 पेटी का था। 112 पेटी शराब के कोई दस्तावेज नही मिलने पर इसे जप्त कर आबकरी विभाग ने अपने कब्जे में लिया ओर अग्रिम कार्यवाही की है। यहां के शराब दुकान के ठेके हटा की मां चंडी निर्माण कंपनी को मिले है। आश्चर्य की बात है कि सड़क तथा भवन निर्माण करने वाली चर्चित कंपनी के नाम पर अब शराब का ठेका भी अब संचालित हो रहा है। जिसको ठेका मिलने के छठवें दिन ही इतनी बड़ी गड़बड़ी उजागर हुई है।

## अवैध कट्टे एवं कारतूस लिए दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढे



**हटा**। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावशील होने से समूचे क्षेत्र में अवैध शस्त्र के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक श्रृतकीर्ति सोमवंशी एवं अति.पु.अधी.संदीप मिश्रा के निर्देशन एवं एसडीओपी नीतेश पटैल के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जा रहा है इसी श्रृंखला में मुखबिर की सूचना पर हटा पुलिस को नगर के मुक्तिधाम चबूतरे के पास दो संदेही व्यक्ति देशी कट्टा लिए बैठे थे जिसकी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मनीष कुमार द्वारा पृथक-पृथक टीमें गठित कर मौके पर भेजा जहां पुलिस को देखकर आरोपी भागनें का प्रयास कर रहे थे लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते दोनो आरोपियों को घेरा बंदी कर दबोच लिया जिसमें आरोपी चेनू उर्फ धीरज करोसिया उम्र 45 बर्ष निवासी मुरली मनोहर वार्ड हटा एवं शिवकुमार उर्फ सिब्बू पिता गोरेलाल विश्वकर्मा निवासी सगरोन थाना मगरोन को पकड़ा गया जिनके पास से देशी 315 बोर का कट्टा एवं जिंदा कारतूस पाया गया वहीं दूसरे आरोपी की तलाशी ली गई तो पुलिस को उसके पास से दो देशी कट्टे एक 12 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस लोड बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं आरोपियों द्वारा पूछे जानें पर एक व्यक्ति का नाम बताया गया जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है उक्त कार्यवाही में स.उनि.सुदरलाल सुमन प्र.आर.महेन्द्र रैकवार जितेन्द्र आर.पवन पटैल लोकेष पवार दीपक की सराहनीय भूमिका रही।

## साईकिल रैली में छात्र-छात्राओं के साथ सहभागिता निभाई

**दमोह**। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र के मतदान में बढ़ोत्तरी के उद्देश्य से जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत



मतदाताओं को जागरूक करने लगातार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर और स्वीप के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने जेल तिराहा में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर मतदान के प्रति जागरूक करने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के स्लोगन को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रोत्साहित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर और सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित साईकिल रैली में भाग लिया और छात्र-छात्राओं के साथ कीर्ति स्तंभ, घंटाघर से स्टेशन चौराहा, बस स्टेण्ड, को-आपरेटिव्ह चौराहा से तहसील ग्राउण्ड तक रैली में सहभागिता निभाई। साईकिल रैली को सहायक नोडल अधिकारी केपी अहिरवार एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री वाईए कुरैशी ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया।

## सामान्य प्रेक्षक ने प्रशिक्षण का लिया जायजा,प्रशिक्षणार्थियों से किए पश्न

**दमोह**। मॉडल कॉलेज बरपटी में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत द्वितीय प्रशिक्षण पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक को दिया जा रहा है, यह प्रशिक्षण प्रथम एवं द्वितीय दो शिफ्ट में 5 अप्रैल से जारी है आज सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा ने बरपटी स्थित प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान प्रशिक्षण की अनुशासन व्यवस्था एवं प्रशिक्षणर्थियों के फीडबैक से प्रेक्षक प्रसन्न हुए इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक ने अधिकांश प्रशिक्षणार्थियों से प्रश्न किये जिसका अधिकांश ने सही-सही उत्तर दिया। उन्होंने निर्देश दिए की जो कर्मचारी प्रथम बार पीठासीन अधिकारी बन रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर उन्हें विशेष तौर से प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बात करें तथा प्रशिक्षण के उपरांत उनका टेस्ट लेकर यह ज्ञात करने की कोशिश करें कि कोई बिंदु उनका रह तो नहीं गया है। प्रशिक्षण स्थल 12 कक्ष में संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी मुकेश द्विवेदी सहायक नोडल सैयद नदीम उल हसन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉक्टर आलोक सोनवलकर, मोहन राय, दिलीप जोशी, मुकेश गूजरे के साथ समस्त मास्टर ट्रेनर निरंतर प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाएं सहायक मत्स्य सुरेंद्र कर्मी द्वारा की जा रही है, तकनीकी सहयोग निधि नायक, कनिष्क साहू एवं कमलेश सेन द्वारा किया गया।

# पंचायत के कार्यों में मनमानी से परेशान सचिव ने एसडीएम व पुलिस में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विकासखंड की अनेक ग्राम पंचायत में आदिवासी महिलाएं सरपंच चुनी गई है लेकिन वास्तविकता में अधिकांश जगह ग्राम पंचायतों में उनकी कुर्सी पर बैठकर बेखोप होकर गांव के दबंग पंचायत चलाकर अपनी धोस जमाते हैं इसी प्रकार का मामला जनपद पंचायत हटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाठा में सामने आया जहां रसूखदार व्यक्ति द्वारा आदिवासी महिला सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर पंचायत के कार्यों में मनमानी करने से सचिव द्वारा हस्तक्षेप करने पर सचिव को जान से मारने की धमकी दिए जाने पर हटा एसडीएम जनपद पंचायत सीईओ सहित मडियादो थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर उक्त व्यक्ति पर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत पाठा में पदस्थ सचिव ईश्वर दास पटेल ने उल्लेख कर बताया कि ग्राम पंचायत पाठा मैं श्रीमती फूलाबाई आदिवासी महिला सरपंच हैं जहां गरीब आदिवासी महिला सरपंच होने से गांव के दबंग राकेश कुड़ेरिया पंचायत के समस्त रिकॉर्ड सहित आरडी पासवर्ड एवं डोंगल सरपंच की सील मोबाइल सिम जिस पर पंचायत दर्पण एवं कार्यों की ओटीपी आती है जो कि अपने पास रखें हुए हैं एवं सरपंच की फर्जी हस्ताक्षर शासकीय दस्तावेजों में इनके द्वारा किए जाते हैं एवं इनके द्वारा फर्जी कियोस्क संचालित की जा रही है जिसमें मजदूरों की मजदूरी की राशि अपने एसबीआई शाखा में संचालित खाता में राशि डालकर आहरण की जा रही है। जिसे रोकने पर उनके द्वारा जानसे मारने की धमकी दी जाती है एवं शासकीय कार्यों में बाधा डाली जाती है जिससे दबंग व्यक्ति से परेशान होकर सचिव ने एसडीएम जनपद सीईओ सहित मडियादो पुलिस थाना में उक्त दबंग व्यक्ति पर कार्यवाही करने की मांग की है ताकि पंचायत में उनके द्वारा किए जा फर्जीवाड़ा को रोका जा सके।

# जरूरतमंद आज भी वंचित, अंत्योदय के तमाम दावे लग रहे झूठे



**गैसाबाद**। सरकार और नेता भले ही कुछ कहते रहे लेकिन विकास और विकसित भारत की दुहाई देते रहें लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के धरातल की तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है। डिजिटल भारत के इस अमृत महोत्सव में भी लोग अपने घर परिवार का भरण पोषण करने के लिए दर-दर भटकने को विवश है। अपने घर बार को छोड़कर आम गरीब आदमी आज भी काम की तलाश में इधर-उधर भटक रहे है। पन्ना जिला के एक छोटे से गांव से फसल की कटाई करने ग्राम गैसाबाद आये दर्जनों मजदूरों में से भागीरथ शोर, विमल , हरि बाई, आदि ने बताया कि हम गरीबों को सरकार भले ही 5 किलो गेहूं प्रति माह देती है। लेकिन उस गेहूं की पिसाई करने के लिए हम लोगों को आटा चक्की पर 2रू प्रति किलो पिसाई देने पड़ रही है जबकि आज से 10 साल पहले हम लोगो को 50 पैसा प्रति किलो गेहूं की पिसाई लगती थी खाने का तेल डेढ़ से 200 रू प्रति किलो एवं दाल 150 से 180 रुपया प्रति किलो आ रही है चावल भी बहुत महंगे हो चुके हैं। जो हम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं मजदूरों ने बताया कि अब जंगल में लकडी.बहुत कम मिलती हैं इसलिए हमें खाना पकाने में परेशानी होती है। मजदूर महिलाओं ने बताया कि कुछ लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर तो दिए गए। लेकिन आज भी वह गैस सिलेंडर खाली पड़े हुए हैं क्योंकि हम लोगों के पास गैस सिलेंडर भरवाने के लिए हजार रुपए नहीं हो पाते हैं। मजदूर वर्ग अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए दूसरे गांव दूसरे शहरों को बड़ी संख्या में पलायन कर रहे हैं और खुले आसमान के नीचे बरसाती तंबू लगाकर अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। पंचायतो के अधिकांश निर्माण कार्य मशीनों से होने के कारण अब लोगों को गांव में काम नहीं मिल रहा है महंगाई की इस मार से सभी लोग हैरान और परेशान हैं इस महंगाई से सबसे अधिक हालत पतली मध्यवर्गीय परिवारों की बनी हुई है जो चाह कर भी मजदूरी नहीं कर पाते हैं थोड़ी बहुत खेती किसानी में ही गुजर बसर करते हैं ऐसे लोगों को महंगाई अभीशाप साबित हो रही है। एक और जहां सरकार करोड़ों रुपया खर्च करके आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है। वहीं दूसरी ओर आम गरीब आदमी दो वक्त की रोटी के लिए हैरान परेशान हो रहा है सरकार को चाहिए कि जैसे भी हो अमरबेल की तरह फैल रही महंगाई पर अंकुश लगाने की कोशिश करनी चाहिए नहीं तो सरकार की सारी योजनाएं महज कागज के फूल साबित हो रही है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही के आरोप में दो अधिकारी निलंबित

**दमोह**। लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 159 के तहत कर्मचारियों को सौंपे गये निर्वाचन कार्य के दायित्व का पालन करना आवश्यक हैं। समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की सेवायें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन, नियंत्रण एवं अधीक्षण के अध्याधीन होती हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने अपने भ्रमण के दौरान कर्तव्य स्थल पर लापरवाही करते हुए पाये जाने पर म. प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के उपनियम-9 के तहत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी उद्यानिकी विभाग बटियागढ़ गजेन्द्र पटैल और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृषि विभाग दमोह गुरूचरण पटैल को निर्वाचन कार्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैं। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी। इसी प्रकार निर्वाचन कार्य में लापरवाही के आरोप में विकासखंड तकनीकी प्रबंधक कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा दमोह शैलेन्द्र कुमार पौराणिक को सचेत करते हुये उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति भविष्य में न करने हेतु सचेत किया हैं।

# कुण्डलपुर महोत्सव को लेकर दो ट्रेनों के स्टापेज की मांग

**दमोह**। भारतीय रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड अध्यक्ष के नाम निवेदन पत्र दमोह रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर मुकेश जैन को सौप गया। आगामी 16 अप्रैल 2024 मंगलवार को आचार्य पदारोहण महामहोत्सव के तहत दमोह जिले में पधार रहे लाखो श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए दमोह रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ,दमोह में न रुकने वाली दमोह की जनता को मुंह चिढ़ाकर, टाटा बाय बाय करके जाने वाली 2 ट्रेनों के स्टॉपेज के संबंध में दमोह रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने



निवेदन पत्र सौंपा। ज्ञापन में लेख है कि दमोह जिले के कुंडलपुर में दिगंबर जैन तीर्थ सिद्ध क्षेत्र में 16 अप्रैल, 2024 मंगलवार को आचार्य पदारोहण महा महोत्सव होना है। इस धार्मिक कार्यक्रम में पूरे प्रदेश, पूरे देश से एवं पूरी दुनिया से लाखों की तादाद में श्रद्धालुजन इस विश्वस्तरीय धार्मिक कार्यक्रम में पधारने की उम्मीद है। इसलिए कृपया इस अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम को मद्देनजर रखते हुए, लाखों तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए इन 2 अतिमहत्वपूर्ण ट्रेनों के दमोह **A** क्लास मॉडल रेलवे स्टेशन पर कुछ समय के लिए स्टापेज करवाने की कृपा करें। दमोह "**A**" क्लास माडल रेलवे स्टेशन पर न रूकने वाली इन दोनों गाडियों में 12823/12824 दुर्ग-हज.निजामुद्दीन छतीसगढ़ सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस एवं 12549/12550 दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस। इन दोनो ट्रेनों के स्टॉपेज वर्तमान में मध्यप्रदेश के अन्य स्टेशनों जैसे अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी (मुडवारा) सागर,झांसी पर हैं लेकिन दमोह में नही है। हमारी संस्था इन दोनो ट्रेनों के लिए स्टॉपेज हेतु पिछले 15 वर्षो से प्रयासरत है,जबकि दमोह जिला एवं लोकसभा मुख्यालय है,फिर भी ये दोनों ट्रेने दमोह की आम जनता को मुह चिडाती हुई निकल जाती है। इन दोनों ट्रेनों के दमोह रेलवे स्टेशन पर स्टापेज न होना दमोह जिले की स्वाभिमानी टिकिट लेकर चलने वाली आम जनता का अपमान है। यह दमोह जिले के सम्मान व स्वाभिमान का प्रश्न है। इन दोनों ट्रेनो के स्टॉपेज न होना दमोह जिले की जनता के साथ अन्याय है। कुंडलपुर के विषय में जानकारी देना चाहेंगे कि दमोह से 37 किलोमीटर दूर पटेरा तहसील में अतिशय सिद्ध क्षेत्र,अति पावन भूमि कुंडलपुर धाम के विश्व स्तरीय कुंडलपुर में दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कुण्डलपुर गिरी में 1008 तीर्थंकर ऋषभदेव जी बड़े बाबा जी की 1500 वर्ष पुरानी विशाल एवं अतिशयकारी प्रतिमा के दर्शन हेतु, एवं विश्व स्तरीय मंदिर के दर्शन हेतु पूरे देश एवं विदेश से जैन तीर्थ यात्री प्रति वर्ष लाखो की संख्या में कुंडलपुर आते जाते है। राष्टीय-अंतर्राष्ट्रीय तीर्थयात्री एवं पर्यटकों को सुगम यातायात के आभाव में उन्हें कठिनाई का अनुभव करना पड़ता है। साथ ही वर्तमान में दमोह से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनों को मेंटेनेंस के नाम पर बंद न किया जाए, चूंकि मेंटेनेंस के चलते हुए भी इस रेल रूट से मालगाड़िया सतत कॉल चलती रहती है। और ट्रेनों को बंद कर दिया जाता है। ज्ञात हो कि पिछले 4 साल से कोरोना काल के समय से बीना,सागर, दमोह, कटनी रेल रूट से होकर गुजरने वाली 9 ट्रेनें बंद चल रही है। जिन्हे अब तक आमजनता की परेशानियों को देखते हुए भी अब तक चालू नही किया गया है। जबकि पूरे देश की सभी ट्रेनों को पुनः शुरू किया जा चुका है, बुंदेलखंड की जनता के साथ भारतीय रेल मंत्रालय की ओर से भेदभाव किया जा रहा है। इन सब परेशानियों के बाबजूद हम आपसे विनम्र निवेदन करते है, कि 16 अप्रैल के कुंडलपुर के भव्य कार्यक्रम को देखते हुए,आगामी 20 अप्रैल तक उपरोक्त दो ट्रेनों के स्टॉपेज करने की कृपा करे,जिसके लिए हमारी समिति आपकी आभारी रहेगी।